FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

प्रेस नोट थाना पचोखरा दिनाँक 18-08-2024 जनपद फिरोजाबाद।

थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म से सम्बन्धित अभियुक्त बंटू को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से अवैध असलहा बरामद।

- **थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म के आरोपी अभियुक्त बंटू को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त के कब्जे से अवैध असलहा, जिदा कारतूस एवं खोखा कारतूस बरामद।**
- **अभियुक्त बंटू पुलिस मुठभेड़ के दौरान बाँये पैर में गोली लगने से हुआ घायल।**

दिनाँक 17-08-2024 को वादी की तहरीर के आधार पर थाना पचोखरा पर मु0अ0सं0 165/24 धारा 64, 115(2), 110 बीएनएस0 बनाम अभियुक्त बंटू पंजीकृत किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में मु0अ0सं0 165/24 के आरोपी अभियुक्त बंटू की गिरफ्तारी हेतु 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया। थाना पचोखरा पुलिस टीम को चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति / वाहन के दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि मु0अ0सं0 165/24 से सम्बन्धित अभियुक्त बंटू नगला सूरज बम्बे के किनारे खेतों में छुपा हुआ है। जो कि कहीं भागने की फिराक में हैं। उक्त सूचना का संज्ञान लेकर थाना पचोखरा पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु खेत का घेराव किया गया जिसपर अभियुक्त भागने का प्रयास करने लगा तथा भागते हुए पुलिस टीम पर अवैध असलहा से फायर करने लगा। पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी फायरिंग में अभियुक्त घायल हो गया। घायल की पहचान बंटू पुत्र ओमप्रकाश निवासी नगला सूरज थाना पचोखरा जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुयी है जो कि मु0अ0सं0 165/24 में नामजद अभियुक्त है। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को हिरासत में लेकर उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- वादी द्वारा थाना पचोखरा पर दिनाँक 17-08-2024 को तहरीर दी गयी थी कि वादी की माता अपनी ससुराल से अपने मायके जा रही थी रास्ते में ग्राम नगला सूरज के पास बनी दुकानों के बरामदे में बंटू उपरोक्त द्वारा दुष्कर्म किया गया।

वादी की तहरीर के आधार पर थाना पचोखरा पर मु0अ0सं0 165/24 सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया था।

उक्त प्रकरण के शीघ्र खुलासे हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा थाना पचोखरा की 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1- बंटू पुत्र ओमप्रकाश निवासी नगला सूरज थाना पचोखरा जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरण-

1- 01 अदद तमंचा 315 बोर।

2- 01 अदद खोखा कारतूस।

3- 01 अदद जिंदा कारतूस।